डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, ठाणे

सत्र: २०२५ - २०२६

प्राथमिक विभाग

महात्मा हंसराज जयंती

रिपोर्ट

१९ अप्रैल २०२५ महात्मा हंसराज १६१ जन्मोत्सव

डी.ए.वी.ठाणे में दिनांक 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक महात्मा हंसराज समारोह पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें 19 अप्रैल के दिन विशेष अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ छात्रों द्वारा गायत्री मंत्र तथा भजन की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात कक्षा तीसरी से नवीन तक के छात्रों को उनकी विशेष उपलब्धि (मेरिट लिस्ट) के लिए पुरस्कृत किया गया।

डीएवी ठाणे विद्यालय में महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती के अवसर पर पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न तरीकों से महात्मा जी की जीवनी और उनके विचारों को प्रस्तुत किया।

कक्षा पहली और दूसरी के नन्हें आर्य समाजियों ने महात्मा हंसराज जी की जीवनी पर प्रस्तुति दी। छात्रों ने उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं और उनके योगदानों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उसे प्रस्तुत किया।

कक्षा तीसरी के छात्रों ने **महात्मा हंसराज जी की जीवनी की** एक रोचक कहानी के रूप में प्रस्तुति दी।

चौथी कक्षा के छात्रों ने महात्मा हंसराज जी के विचारों और उनके उद्देश्यों की प्रस्तुति दी। छात्रों ने उनके महत्वपूर्ण विचारों और शिक्षाओं को प्रस्तुत किया और उनके महत्व को समझाया। इसी प्रकार पाँचवीं कक्षा के छात्रों ने महात्मा हंसराज जी के सेवा भाव पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने उनके सेवा कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदानों के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

इस गतिविधि ने छात्रों को महात्मा हंसराज जी के जीवन और उनके विचारों के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया।

महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती समारोह एक सफल और ज्ञानवर्धक आयोजन था। छात्रों ने विभिन्न तरीकों से महात्मा जी की जीवनी और विचारों को प्रस्तुत किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। हमें विश्वास है कि इस समारोह से छात्रों को महात्मा जी के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा मिलेगी और वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे।